A052-20222023-001-1344229

संख्या-100/2022/1197/52-1-2022-20(पी0एम0जे0वी0के0)/20

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**निदेशक,**

अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश,

इन्दिरा भवन, लखनऊ।

**अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 12 दिसम्बर, 2022**

**विषय**-अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की 12वीं इम्पावर्ड कमेटी की बैठक दिनांक 18.01.2019 एवं दिनांक 31.01.2019 द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पूर्ववर्ती एम0एस0डी0पी0) के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों के विभिन्न विकास खण्डों में राजकीय आई0टी0आई0 के निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में **राज्यांश की 25 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त** किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-1083/अ0सं0क0नि0/पी0एम0जे0वी0के0/धन0 मॉंग(330) 2022 दिनांक 13.06.2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-13/21/2019-एम0एस0डी0पी0-एम0ओ0एम0ए0, दिनांक 15.02.2019 के क्रम में शासनादेश संख्या-13/2019/369/बावन-1-2019-08(पी0एम0जे0 वी0के0)/19 दिनांक 08 मार्च, 2019 द्वारा 02 माह हेतु केन्द्रांश की धनराशि रू0 873.04 लाख (रू0 109.13x8) तथा शासनादेश संख्या-55/2021/876/बावन-1-2021-20(पी0एम0जे0वी0के0)/20, दिनांक 15.07.2021 द्वारा केन्द्रांश की धनराशि रू0 1512.00 लाख (रू0 189.00x8) द्वारा केन्द्रांश मात्र की कुल धनराशि रू0 2385.04 लाख प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गयी। उक्त आठ आई0टी0आई0 हेतु अवशेष केन्द्रांश तथा प्रथम किश्त राज्यांश की धनराशि निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में सम्यक परीक्षणोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत 08 आई0टी0आई0 परियोजनाओं की कुल अनुमोदित राज्यांश रू0 4032.00 लाख (रू0 प्रति इकाई 504.00 लाख) के सापेक्ष 25 प्रतिशत (रू0 प्रति इकाई 126.00 लाख) धनराशि **रू0 1008.00 लाख (रूपये दस करोड़ आठ लाख मात्र)** को प्रथम किश्त के रूप में चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-

http://shasanadesh.up.gov.in

व्ययक के सम्बन्धित मद से संगत राज्यांश के लेखाशीर्षक-4235-02-800-89-8905 में प्राविधानित बजट रू0 2048.00 लाख से निम्न विवरणानुसार अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

( केन्द्रांश 60, राज्यांश 40 ) (रू0 लाख में)

| क्र0 | जनपद | योजना | कार्यदायी संस्था का नाम | इकाई | इकाई लागत | कुल अनुमोदित केन्द्रांश | कुल राज्यांश | भा0 स0 द्वारा अवमुक्त प्रथम किश्त केन्द्रांश | पूर्व में अवमुक्त प्रथम किश्त (के0) | एस0एन0ए0 में जमा केन्द्रांश की प्र0 किश्त की अवशेष धनराशि | अवमुक्ति हेतु प्रस्तावित प्रथम किश्त की धनराशि | | योग (रा0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | अवशेष केन्द्रांश | राज्यांश 25 प्रतिशत | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | गाजीपुर | भदोरा में रा0 आई0टी0आई0 का निर्माण | उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 | 01 | 1260.00 | 756.00 | 504.00 | 378.00 | 298.13 | 79.87 | - | 126.00 | 126.00 |
| 2 | गोण्डा | बभनजोत में रा0 आई0टी0आई0 का निर्माण | उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 | 01 | 1260.00 | 756.00 | 504.00 | 378.00 | 298.13 | 79.87 | - | 126.00 | 126.00 |
| 3 | पीलीभीत | अमरिया के दबका बढेपुरा में रा0 आई0टी0आई0 का निर्माण | उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 | 01 | 1260.00 | 756.00 | 504.00 | 378.00 | 298.13 | 79.87 | - | 126.00 | 126.00 |
| 4 | बलरामपुर | ग्राम बंजरिया गैडास बुजुर्ग में रा0 आई0टी0आई0 का निर्माण | उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) | 01 | 1260.00 | 756.00 | 504.00 | 378.00 | 298.13 | 79.87 | - | 126.00 | 126.00 |
| 5 | बलरामपुर | ग्राम देवरीखेरा रेहरा बाजार में रा0आई0टी0आई0 का निर्माण | उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) | 01 | 1260.00 | 756.00 | 504.00 | 378.00 | 298.13 | 79.87 | - | 126.00 | 126.00 |
| 6 | बलरामपुर | ग्राम लेबुडवा (लखोरा) हरैया सतघरवा में रा0 आई0टी0आई0 का निर्माण | उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) | 01 | 1260.00 | 756.00 | 504.00 | 378.00 | 298.13 | 79.87 | - | 126.00 | 126.00 |
| 7 | लखीमपुर खीरी | फूल बेहड़ में रा0 आई0टी0आई0 का निर्माण | उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) | 01 | 1260.00 | 756.00 | 504.00 | 378.00 | 298.13 | 79.87 | - | 126.00 | 126.00 |
| 8 | शामली | उन में रा0 | उ0प्र0 राज्य निर्माण | 01 | 1260.00 | 756.00 | 504.00 | 378.00 | 298.13 | 79.87 | | 126.00 | 126.00 |

http://shasanadesh.up.gov.in

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आई0टी0आई0 का निर्माण | सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) | | | | | | | - | | | |
| | | | **योग** | 08 | | | | 3024.00 | 2385.04 | 638.96 | - | 1008.00 | **1008.00** |

**3-** अवमुक्त धनराशि का उपभोग निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

(1)- प्रश्नगत राज्यांश की धनराशि के आहरण एवं व्यय के पूर्व निदेशालय, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि तत्सम्बन्धी मैचिंग केन्द्रांश अवमुक्त है।

(2)- अवमुक्त धनराशि को किसी अन्य मद में व्यय नहीं किया जायेगा। बजट मैनुअल नियमों के अन्तर्गत शासन या अन्य अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, प्राप्त करके ही व्यय किया जायेगा। धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्त पोषित योजना के सम्बन्ध में लगाई गयी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3)- अवमुक्त धनराशि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को हस्तान्तरित की जायेगी। कार्य को अनुमोंदित लागत से निर्धारित अवधि में गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार पूर्ण किया जायेगा। यदि इस मद में कोई वृद्धि होती है तो अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जायेगी एवं भविष्य में कोई भी पुनरीक्षित आंगणन अनुमन्य नहीं होगा।

(4)- प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान योजना विषयक गाइडलाइन्स तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए धनराशि का आहरण कार्य की वास्तविक आवश्यकतानुसार होगा। निर्माण कार्य में पायी गयी किसी तरह की अनियमितता के लिए कार्यदायी संस्था, उससे सम्बन्धित अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

(5)- निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि प्राप्त नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है। प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है ।

(6)- यथावश्यक उत्तर प्रदेश भण्डार क्रय नियमावली के प्राविधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। यदि कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

(7)- कार्य की विशिष्टयॉ, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी निर्माणकारी संस्था की होगी तथा निर्माणकारी संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समयावधि में ही

http://shasanadesh.up.gov.in

पूर्ण हो जाय। निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित शिड्यूल रेट एवं विशिष्टियों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। प्रश्नगत आई0टी0आई0 के निर्माण की डिजाइन वही होगी जो केन्द्र/राज्य सरकार के व्यावसायिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित है।

(8)- परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो । अत: इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यों की मानीटरिंग भी किया जायेगा।

(9)- उपरोक्त तालिका के कॉलम-3 में उल्लिखित परियोजनाओं हेतु मांगी गयी एवं जारी की जा रही धनराशि को सम्बन्धित मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष उपलब्ध बचत से मिलान करने के उपरान्त ही निदेशालय द्वारा निर्गत किया जायेगा।

(10)- लेबर सेस की धनराशि नियमानुसार श्रम विभाग को भुगतान किया जायेगा।

(11)- कार्यदायी संस्था द्वारा अनुमोदित सीमा तक सेन्टेज चार्ज लिया जायेगा ।

(12)- कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण स्थल पर एक बोर्ड तैयार किया जायेगा, जिस पर योजना के स्वीकृत होने की तिथि, पूर्ण होने की तिथि, लागत, वित्त पोषण के स्रोत तथा लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि आदि का अंकन किया जायेगा।

(13)- अवमुक्त धनराशि के उपभोग में मितव्ययितापूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

(14)- अनुदान ग्राही द्वारा योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का एक पृथक् खाता मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा करके उसे राजकोष में जमा कराया जायेगा ।

(15)- अवमुक्त धनराशि के व्यय के उपरान्त जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी से हस्तान्तरित उपभोग प्रमाण-पत्र, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स की सूची की दो-दो प्रतियां निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जायेंगी। तदोपरान्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र व उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

(16)- प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि को वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक **07.06.2022 एवं 10.11.2022 एवं 04.11.2022** के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

(17)- उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। अवमुक्त धनराशि से कराये गये कार्यों की गुणवत्ताकी पुष्टि जिलाधिकारी द्वारा कर लिया जायेगा तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार थर्ड पार्टी का निरीक्षण भी सुनिश्चित कराया जाना जिलाधिकारी, कार्यदायी संस्था एवं सम्बन्धित विभाग का संयुक्त दायित्व होगा। यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत आती है तो उसे शासन तथा निदेशक,अल्पसंख्यक कल्याण को सूचित किया जायेगा तथा प्रथम किश्त के कार्यों की गुणवत्ता रिपोर्ट जिलाधिकारी से प्राप्त करने का दायित्व निदेशालय का होगा।

(18)- स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(19)- प्रश्नगत स्वीकृति मानक के संबंध में निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण का होगा।

(20) प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान योजना से सम्बन्धित भारत सरकार की गाइडलाइन्स का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा ।

(21) योजनान्तर्गत बाटआउटस आइटम्स की श्रेणी से अच्छादित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था को कोई भी सेन्टेज चार्ज देय नहीं होगा।

(22) केन्द्र पोषित योजनाओं के अन्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष की अवशेष धनराशि के वर्तमान वित्तीय वर्ष में व्यय के सम्बन्ध में व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑफिस मेमोरेन्डम संख्या-I/(33)/PFMS/2022 दिनांक 20 मई, 2022 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**4-** उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक के लेखा शीर्षक- 4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय- आयोजनागत-02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय-01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें-89-केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का संगत राज्यांश 8905-अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत आई0टी0आई0 भवनों का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

**5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-4-289/दस-2022, दिनांक 08.12.2022 में प्राप्त सहमति से जारी किया जा रहा है।**

भवदीय,

(शकील अहमद सिद्दीकी)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-1197(1)/बावन-1-2022-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5. प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि कृपया **उपरोक्त प्रस्तर-2 की तालिका के कालम-2 में उल्लिखित जनपदों** में स्वीकृत उक्त आई0टी0आई0 भवनों का निर्माण का मानकानुसार उपयोग सुनिश्चित करने के लिए अपने स्तर से भी कार्यवाही करने का कष्ट करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत कार्यों के लिए किसी दूसरी मद से धनराशि का आहरण न किया गया हो।
6. निजी सचिव, मा0मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज को मा0मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
8. निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0 रोजगार भवन, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ।
9. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
10. निदेशक, **सम्बन्धित कार्यदायी संस्था** को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत आई0टी0आई0 भवन का केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
11. सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्रश्नगत आई0टी0आई0 के निर्माण की गुणवत्ता अपने स्तर से भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
12. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-4 को 01 प्रति।
13. लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति को वेबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
उप सचिव।

http://sharanadesh.up.gov.in